हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

11 मार्केट फीस में बढ़ोत्तरी के खिलाफ धरने पर बैठे आढ़ती



12 जिप प्रधान ने स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों...



**खबर संक्षेप**

## कालांवाली में वृद्धा से नकदी व चेन झपटी

**सिरसा।** कालांवाली में एक वृद्धा से अज्ञात बाइक सवार नकदी व चेन छीनकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में छिंद्र कौर पत्नी बिल्लू राम ने बताया कि वह बैंक से 6 हजार रुपये की निकासी कर अपने घर को लौट रही थी। दोपहर लगभग तीन बजे बाइक सवार दो युवकों ने उसके बैग व गले की चेन छीन ली और फरार हो गए।

## उधार देने से मना करने पर की गाड़ी में तोड़फोड़

**फतेहाबाद।** उधार में सामान देने से मना करने से गुस्साए युवकों ने शिव चौक में गाड़ी में तोड़फोड़ की। पुलिस को दी शिकायत में शिव चौक, भीमा बस्ती निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि गत रात्रि दीपू तनेजा साथियों के साथ उसकी गाड़ी को नुकसान पहुंचाया। उसने बताया कि 15-20 दिन पहले दीपू तनेजा उसकी दुकान पर आया था और उससे उधार सामान लेने लगा। जब उसने उधार सामान देने से मना कर दिया तो इसी रंजिश के चलते गाड़ी में तोड़फोड़ की ।

## धान चोरी मामले में दो काबू, 30 हजार बरामद

**फतेहाबाद।** सरदुलगढ रोड रतिया स्थित राइस मिल से चावल चोरी मामले में फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने अपने नाम राजेश कुमार निवासी हिरके मानसा पंजाब व रामफल निवासी गांव पाली जिला महेंद्रगढ़ हाल हिरके के तौर पर बताई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चावल बेच कर प्राप्त किए 30 हजार रुपये बरामद किए है।

## टोहाना व जाखल क्षेत्र से तीन बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना व जाखल क्षेत्र से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव समैन के कुलदीप सिंह ने कहा कि गत दिवस उसकी बाइक लघु सचिवालय परिसर से चोरी हो गई। वहीं गांव चंदड़ कलां निवासी रघुबीर सिंह की टोहाना कोर्ट परिसर से बाइक चोरी हो गई। एक अन्य मामले में गांव महमड़ा निवासी राजकुमार की शिकायत पर अस्पताल की पार्किंग से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

## किसान यूनियन करेंगे विधायक दफ्तर का घेराव

**रतिया।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति द्वारा अपनी मांगों को लेकर 2 जनवरी को रतिया विधायक के दफ्तर का घेराव किया जाएगा। संघर्ष समिति के रतिया ब्लाक सचिव पाल संधू, रतिया ब्लाक प्रधान गुरपयार बाड़ा, नाहर सिंह खाई, परमजीत सिंह पिलछिया, निर्मल पिलछिया, रणजीत बोड़ा, लखविंदर अहरवां, प्रदीप शेखूपुर, गुरलाल नथवान, निर्मल बाडा आदि द्वारा प्रदर्शन को लेकर रतिया में जनसमपर्क अभियान चलाया गया।

## भाविप रतिया ने लगवाए दिव्यांगों के कृत्रिम अंग

**रतिया।** भारत विकास परिषद् रतिया द्वारा गांव रत्तनगढ़ निवासी चरण राम का बायां पांव और फतेहाबाद निवासी वीरचंद्र पासवान का बायां हाथ निशुल्क लगवा कर दिया गया। भाविप रतिया के दिव्यांग सहायता केंद्र व फिजियोथेरेपी सेंटर के संयोजक व पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल तनेजा ने बताया कि भाविप रतिया को कुछ दिन पहले उपरोक्त व्यक्तियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे।

## 1 किलो 300 ग्राम गांजे सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने भूना में बाइक सवार युवक को 1 किलो 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार की है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम अशोक कुमार निवासी पुराना बाजार, भूना बताया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### उपप्रधान के लिए अलग कमरा बनाने पर पार्षद ने जताया ऐतराज

# कल तक जंग का अखाड़ा बनी नगर परिषद में आज हुआ 'गीता का पाठ'

- सीएम दौरे के खर्च का ब्यौरा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगरपरिषद की पिछले बैठक में हुए भारी हंगामे और उसके बाद प्रधान-उपप्रधान के पार्षदों के बीच छिड़े विवाद के बाद बुधवार को सम्पन्न हुई नगरपरिषद की बैठक में माहौल काफी बदला हुआ था। बुधवार को नगरपरिषद की बैठक में न हंगामा हुआ और न शोरगुल हुआ। इसके विपरीत बैठक में गीता का पाठ किया गया। इसके पश्चात वार्ड वाइज सभी पार्षदों से उनके वार्ड के विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए। बैठक में पार्षद मोहन लाल नारंग ने नगरपरिषद उपप्रधान के लिए अलग कमरा बनाने पर ऐतराज जताया। नारंग ने सवाल पूछा कि बैठक में उपप्रधान के कमरे को रेनोवेट करने की बात हुई थी, नया ऑफिस बनाने का निर्णय किस मीटिंग में लिया गया। नारंग ने 4 माह पूर्व सीएम के फतेहाबाद दौरे के दौरान हुए खर्च का भी ब्यौरा मांगा। बैठक में नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिच्ची, उपप्रधान सविता टुटेजा, कार्यकारी अधिकारी ऋषिकेश चौधरी, एक्सईन अमित कौशिक सहित सभी पार्षद मौजूद रहे। प्रधान राजेन्द्र खिची ने शहर के विकास कार्यों से सम्बंधित 58 प्रस्ताव हाऊस में रखे। पार्षद मोहन लाल नारंग ने दुकानदारों की समस्या को उठाया और सरकार की योजना अनुसार इन दुकानों को जल्द इनके नाम करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने अतिक्रमण के नाम पर गरीब लोगों को परेशान करने का भी मुद्दा जोर शोर से उठाया। मोहन लाल नारंग ने शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की और चिल्ली झील के सौंदर्यकरण को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट का ब्लू प्रिंट मांगा। पार्षद निर्मल सिवाच ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने की तुलाई के दौरान होने वाली गड़बड़ी का मामला उठाया और इस मामले में जांच की मांग की।

वार्ड 2 की पार्षद नीलांशी शर्मा ने जहां वार्ड में गलियों के निर्माण व नालियों का मुद्दा उठाया। वार्ड 3 के पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल ने ठाकर बस्ती से फव्वारा चौक तक गली का निर्माण करने और चौक का नामकरण करने और मूर्ति लगाने की मांग उठाई।



**फतेहाबाद।** बैठक में मौजूद प्रधान राजेन्द्र खिच्ची व उपप्रधान सविता टुटेजा।

### प्रधान ने बैठक में रखे ये प्रस्ताव

प्रधान राजेन्द्र खिच्ची ने जो मुख्य एजेंडे बनाए हैं, उनमें शहर के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण करवाने, पार्कों में सुरक्षा गेट लगाने, रतिया चुंगी से स्वामी ढाबा तक दोनों साइड लाइटें लगवाने, हुडा सेक्टर से सिरसा रोड मिनी बाईपास पर प्रस्तावित साइकिल ट्रैक बनाने, गुरू रविदास चौक से माजरा रोड बाइपास तक व रविदास चौक से 5 एकड मैरिज पैलेस तक लाइटें लगवाने, धांगड़ पुल (हिसार रोड) से शहर में एंट्री तक दोनों साइड लाइट पोल्स लगवाने, सिरसा रोड पर सेतिया पैलेस तक स्ट्रीट लाइटें लगवाने बारे, विरांगना रानी लक्ष्मी बाई का शहर में किसी पार्क में स्टेच्यू लगाने, गीता कालोनी में पानी की किल्लत दूर करने के लिए पाइप लाइन बिछाने, शहर की नई कालोनियों में विकास कार्य करवाने बारे, मनोहर मेमोरियल कालेज में बैठने के लिए सीमेंट वाले 50 बैंच लगवाने, हाइवे पर दोनों साइड इंटरलाक को ऊंची करवाने, भट्टू रोड स्थित मिनी बाईपास पर लालबती व रतिया चुंगी पर लालबत्ती लगवाने के प्रस्ताव शामिल हैं।

### सीसीटीवी कैमरे लगवाएगी नप

पार्षद मोहन लाल नारंग ने सुरक्षा की दृष्टि से शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। इस पर प्रधान राजेन्द्र खिच्ची ने कहा कि नगरपरिषद द्वारा जल्द ही शहरभर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जाएंगे। शहर में स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किया जाएगा और जरूरत अनुसार गलियों का निर्माण करवाया जाएगा।

### बीघड़ चौक पर लाल बत्ती लगाने की मांग

वार्ड 6 के पार्षद रमेश गिल्होत्रा ने बीघड़ चौक के पास लगने वाले जाम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बीघड़ चौक पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए या तो बीघड़ चौक पर लाल बत्ती लगाई जाए या वहां चौराहा बनाया जाए। इसके अलावा उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड पर ताऊ देवीलाल की प्रतिमा के पास राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक तिरंगा लगाने का मांग की।

### फव्वारा चौक को गीता चौक करने की मांग

वार्ड 4 की पार्षद किरण नारंग ने फव्वारा चौक का नाम बदलकर गीता चौक करने की मांग की। पार्षद अनिल गर्ग ने आपत्ति जताई और कहा कि फव्वारा चौक का नाम बरसों पहले ही अग्रसैन चौक रखा हुआ है। उन्होंने इस चौक को बड़ा करने और बीच में महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा लगाने की मांग की।

### माजरा रोड पर पम्पिंग सिस्टम का प्रपोजल

वार्ड 8 के पार्षद ने वार्ड की नहरी पानी की समस्या का समाधान होने पर विधायक दुड़ाराम, नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिच्ची, उपप्रधान सविता टुटेजा व अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने माजरा रोड के निर्माण को जल्द पूरा करवाने की मांग की। नगरपरिषद अधिकारियों ने कहा कि इसको लेकर आज ही डीएमसी के साथ बैठक हुई है जिसमें निर्णय लिया गया है कि यहां खड़े होने वाले बरसाती पानी की निकासी के लिए पम्पिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

## पाकिस्तान का झंडा और एयरलाइन्स पीआईए का लोगो छपा गुब्बारा मिला




**फतेहाबाद।** शेखुपुर दड़ौली के खेत में मिला गुब्बारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद क्षेत्र में दोबारा पाकिस्तान की एयरलाइन्स के लोगो लगा संदिग्ध गुब्बारा मिलने से सनसनी फैल गई। भट्टू खंड के गांव शेखुपुर दड़ौली के खेतों में रात को हवाई जहाज की शक्ल का यह गुब्बारा मिला तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुब्बारे को जब्त कर लिया। इससे पहले गांव भूथनकलां में 2 नवंबर को ऐसा ही गुब्बारा मिला था। बताया जा रहा है कि सिरसा जिले में भी इस तरह की घटना सामने आ चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव शेखुपुर दड़ौली के ढांड रोड पर कुछ ही दूरी पर एक किसान के खेत के पास जहाज रूपी यह गुब्बारा पड़ा था। ग्रामीणों ने जब गुब्बारा देखा तो उस पर पाकिस्तान के झंडे और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स का लोगो लगा हुआ था, जिस पर गांव में सनसनी फैल गई। इस पर ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गुब्बारे को जब्त कर लिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। इससे पहले 2 नवंबर को गांव भूथनकलां के खेतों में भी ऐसा गुब्बारा मिला था। तब गुब्बारे के साथ एक डोरी भी बंधी हुई थी, जो खेत में अटक गई थी। लोगों के अनुसार सिरसा जिले में इस तरह का गुब्बारा मिला था। आखिर इस तरह के गुब्बारे कहां से आ रहे हैं, यह जांच का विषय है।

### युवाओं को मिलेगी कंप्यूटर ट्रेनिंग

**फतेहाबाद।** सरकारी स्तर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, चंडीगढ द्वारा जिला रेडक्रॉस सोयायटी के सहयोग से जिले के युवाओं को एमएम बहुतकनीकी संस्थान में संचालित उड़ान लाइब्रेरी में कंप्यूटर की प्रोफेशनल ट्रेनिंग करने का अवसर मिल पाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ द्वारा जिले में आईआरसीटी कंप्यूटर सेंटर उड़ान लाईब्रेरी में स्थापित किया गया है जो गीता जयंती से विधिवत रूप से काम करना शुरू कर देंगे। उपायुक्त ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस द्वारा जिले में युवाओं के लिए पहला सेंटर है जहां युवा कंप्यूटर सीख सकते हैं। यह जानकारी उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दी।

## मेडिकल तथा सेल्स रिप्रजेन्टेटिव एसो. ने मांगों को लेकर की हड़ताल




**सिरसा।** हड़ताल के दौरान विरोध जताते मेडिकल तथा सेल्स रिप्रजेन्टेटिव एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मेडिकल तथा सेल्स रिप्रजेन्टेटिव एसोसिएशन की ओर से बुधवार को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के राज्य चेयरमैन विनय शर्मा ने कहा कि वे लंबे समय से केंद्र सरकार व दवा कंपनियों के मालिकों से अपनी मांगों के संबंध में बातचीत करते आए हैं, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन हड़ताल जैसा कदम उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बार-बार अवगत करवाने के बाद भी गौर न करना केंद्र सरकार व दवा कंपनियों के मालिकों के उदासीन रवैये को साफ दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल्द इस संबंध में कोई ठोस कदम केंद्र सरकार व दवा कंपनियों के मालिकों द्वारा नहीं उठाया गया तो आगामी आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

उनकी मांग है कि सेल्स प्रोमोशन इम्पलाइज (सेवा की शर्तें) एक्ट 1976 को बहाल रखा जाए। सेल्स प्रोमोशन इम्पलाइज के काम की वैधानिक नियमावली लागू की जाए। मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव्स के सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में उनके काम करने के कानूनी अधिकारों की रक्षा की जाए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** गांव नेजियाखेड़ा के निकट सड़क हादसे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गया और आसपास के लोगों ने घायल व्यक्ति को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बाजीगर बस्ती निवासी भागीराम पुत्र हजाराराम की शिकायत में बताया कि उसका भाई बंसी लाल मोटरसाइकिल पर फेरी लगाने का कार्य करता था। मंगलवार को वह चोपटा क्षेत्र में फेरी लगाने की बात कहकर गया था। देर रात्रि को उसके सिविल अस्पताल में दाखिल होने की सूचना मिली। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। भागीराम ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर पता किया तो गांव नेजियाखेड़ा से आठ मिल के पास सेमनाले के पास एक बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाकर हादसे को अंजाम दिया। एक्सीडेंट की वजह से उसके भाई की मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मोटे अनाज को दिनचर्या में करें शामिल : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन में मोटे अनाज के सेवन को जरूर शामिल करना चाहिए। मोटा अनाज हमारे शरीर को पोष्टिक तत्व देने के साथ-साथ अनेक प्रकार के रोगों से ल?ने की ताकत देता है। यह बात उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को स्थानीय उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के तहत आयोजित किसान मेले में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह भी मौजूद रहे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि किसान को अपने द्वारा पैदा किए गए प्रत्येक अनाज को अपनी दैनिक दिनचर्या में जरूर शामिल करना चाहिए। किसान को अपने द्वारा उगाए गए मोटे अनाज जैसे मक्का, बाजरा, चना सहित सभी प्रकार की दालों को अपने खान-पान में शामिल करना चाहिए। मोटे अनाज के प्रयोग से हमें बीमारियों से ल?ने की ताकत मिलती है और शरीर भी हस्ट पुष्ट बनता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से अनेक योजनाएं शुरु की है। सरकार द्वारा किसानों के लिए उत्तम किस्म की खाद व बीज उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेक प्रकार के कृषि यंत्र भी अनुदान पर दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर डा. मंजु ने किसानों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज के उपयोग बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्त्रम में उपायुक्त पार्थ गुप्ता पराली प्रबंधन में बेहतर कार्य करने वाली जिला की 3 गौशालाओं को एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभाग के कर्मचारी सुभाष, रजत, गुरप्रीत, सलवंत, दीपक, पवन, मदन इत्यादि को पराली न जलाने बारे किसानों को जागरूक करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**सिरसा।** मेले में लगाई गई कृषि की प्रदर्शनी का अवलोकन करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** | एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में जेएनवी के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान**

## सिरसा व अग्रोहा के शैक्षणिक, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थानों का भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के कक्षा 9वीं के 82 विद्यार्थी, कक्षा 10वीं के 76 विद्यार्थियों तथा 5 शिक्षकों द्वारा सिरसा व अग्रोहा के विभिन्न शैक्षणिक, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थानों का भ्रमण किया गया। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के पीएम श्री स्कूल के तहत एक्सपोजर विजिट के तहत विद्यालय के कक्षा 9वीं व 10वीं के समस्त विद्यार्थियों द्वारा किये भ्रमण के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक, धार्मिक, ऐतिहासिक तथा वैज्ञानिक महत्वों को विकसित करना है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के दल ने तारकेश्वर धाम सिरसा के साथ-साथ चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में स्थापित नेहरू भवन, सूचना प्रौद्योगिकी भवन व विश्वविद्यालय के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का विचरण करके विद्यार्थियों ने ज्ञान अर्जित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हिसार जिले के अग्रोहा धाम में भी भ्रमण किया तथा वहां के विभिन सांस्कृतिक व धार्मिक स्थानों की जानकारी प्राप्त की।

अग्रोहा धाम के नजदीक ही स्थित अग्रोहा टीले का भ्रमण किया जो अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध है। अग्रोहा टीला तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व का है तथा यहां पत्थर की मूर्तियां व हड़प्पा संस्कृति के सिक्कों की खोज हुई है। समस्त विद्यार्थी इस भ्रमण से ढेर सारी जानकारी हासिल की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के स्टाफ विजय कुमार, प्रदीप यादव, श्रीश कुमार, वैशाली व वृशाली रहे।




**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में शामिल पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## टोहाना को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद ने शुरू किया अभियान




**टोहाना।** स्वच्छता अभियान को लेकर शहर का निरीक्षण करते नगरपरिषद ईओ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

हरियाणा सरकार द्वारा पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत अब नगर परिषद टोहाना की टीम ने भी टोहाना शहर को गंदगी मुक्त बनाने का अभियान छेड़ दिया है। आज सुबह-सवेरे ही नगर परिषद के ईओ संदीप सोलंकी अपनी पूरी टीम के साथ टोहाना शहर का दौरा करने निकल पड़े। ईओ संदीप सोलंकी ने टोहाना के रतिया रोड, हिसार रोड, चण्डीगढ़ रोड, भूना रोड आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सेनेटरी इंस्पेक्टर अजैब सिंह, सुपरवाईजर सुभाष भट्टी व दरोगा गुलाब सिंह भी रहे। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए संदीप सोलंकी ने बताया कि नगर परिषद टोहाना की ओर से पूर्ण स्वच्छता अभियान चला जा रहा है, जोकि पूरे दिसम्बर महीने तक एक्टिव रहेगा ताकि नए साल के शुरुआत में शहरवासियों को पूर्ण स्वच्छ टोहाना का तोहफा दिया जा सके। स्थानीय नागरिकों व दुकानदारों को यहां वहां गंदगी ना फैलाने के लिए चेताया जा रहा है।


डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएगें। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नाहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

## डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका



आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

### हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।

### डायबिटिक नेफ्रोपैथी



जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थिति में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचार:** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटिंयां रेंगने जैसा एहसास होता है।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।



### डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचार:** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

### हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचार:** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

### डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचार:** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।

### कमजोर इम्यून सिस्टम



डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

अवेयरनेस
अंजू जैन

## इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट



कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्सः** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियांः** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।

**डिप्रेशनरोधी दवाएंः** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।



**मल्टी विटामिन दवाएंः** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।

**बीपी कंट्रोलर पिल्सः** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्सः** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने में भुजंगासन को सबसे बेहतर योगासन माना जाता है। लेकिन इसका पूरा लाभ पाने के लिए इसकी सही विधि, इसे करने से पहले और करने के बाद के आसनों के बारे में, जरूर जान लें।

## सर्दी से बचाव में सहायक है भुजंगासन



सर्दी के मौसम में कुछ लोगों को ज्यादा ही ठंड लगती है। वो अकसर ठिठुरते रहते हैं। इसकी वजह सिर्फ यह नहीं होती कि वे गर्म कपड़े नहीं पहनते, बल्कि इस ठंड के लगने की एक वजह उनके शरीर की प्रतिक्रिया होती है। साथ ही कमजोर प्रतिरक्षा के चलते भी कुछ लोगों को ज्यादा सर्दी लगती है। यूं तो सर्दी से बचाव के लिए कई आसन कारगर हैं, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा कारगर और सरल भुजंगासन है।

**भुजंगासन से पहलेः** भुजंगासन करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि इसे एकदम से शुरू ना करें, बल्कि इसके पहले बालासन, गरुड़ासन और मार्जरी आसन करें। इससे ना सिर्फ भुजंगासन करना आसान होगा, बल्कि इसके फायदे भी बढ़ जाते हैं।

**भुजंगासन की विधिः** योगा मैट बिछाकर उस पर पेट के बल सीधा लेट जाएं। इस तरह लेटें कि पैरों के तलवे ऊपर की ओर हों। लेटने के कुछ क्षण गुजरने के बाद अपनी बाजुओं को जमीन पर टिकाएं और धड़ को ऊपर की तरफ पूरे खिंचाव के साथ ले जाएं। इस दौरान अपनी दोनों बाजुओं को जमीन पर मजबूती से टिकाए रखें। अब हाथों पर शरीर का अधिकतम वजन डालकर छाती को जितना ऊपर की तरफ खींच सकते हैं, खींचें। लेकिन ऐसा करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि आपके पेट के नीचे की त्वचा जमीन से उठनी नहीं चाहिए यानी पेट के नीचे का हिस्सा जमीन के साथ लगा रहना चाहिए और पेट के ऊपर के हिस्से को ही ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान अपने पैरों को अंगुलियों के बल टिकाकर रखें और पीठ को जितना मोड़ सकें, उतना आराम से मोड़ें। जबरदस्ती कुछ भी ना करें। ध्यान रखें इसका फायदा तभी है, जब इस दौरान आपकी बाजुएं पूरी तरह से तनी रहें और उनमें वजन महसूस हो। कम से कम पांच बार गहरी सांस पहले अंदर लें फिर बाहर छोड़ दें। यह 30 से 60 सेकेंड तक करें। अगर परेशानी महसूस हो रही हो तो 30 सेकेंड के बाद ही सामान्य मुद्रा में आ जाएं, नहीं तो एक मिनट तक तनी हुई कमान के समान मुद्रा बनाकर रखें। अनुभवी होने के बाद इसे 90 सेकेंड से ज्यादा ना करें।

**भुजंगासन के बादः** जिस तरह सीधे भुजंगासन करने से पहले कुछ दूसरे योगासन किए जाएं तो उनसे ज्यादा फायदा मिलता है। ठीक उसी तरह भुजंगासन करने के बाद भी कुछ दूसरे आसन किए जाएं तो इस आसन के और ज्यादा फायदे मिलते हैं। भुजंगासन के बाद योगाचार्य जिन आसनों को करने की सलाह देते हैं, उनमें बितिलासन, ऊर्ध्वमुख श्वानासन और सेतुबंधासन शामिल हैं।

**आसन के फायदे :** भुजंगासन करने से सर्दी से बचाव होता है। इसके अलावा यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी लचीली और मजबूत बनती है। छाती, फेफड़ों, कंधों और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। तनाव और थकान दूर होती है। साइटिका की समस्या से छुटकारा मिलता है। अस्थमा के लक्षणों को भी नियमित तौर पर भुजंगासन करने से कम किया जा सकता है। साथ ही प्रजनन प्रणाली में भी इसे नियमित करने से फायदा मिलता है।

**सावधानी बरतेंः** भुजंगासन हमेशा अनुभवी योगाचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए। जरा भी लापरवाही होने से रीढ़ की हड्डी में चोट लग सकती है, जिसका परिणाम घातक हो सकता है। पीठ में किसी तरह की चोट पहले से लगी हो तो भूलकर भी यह आसन ना करें। इसके अलावा सिरदर्द हो या गर्भावस्था में महिलाएं इस आसन को ना करें। *

प्रिकॉशन
डॉ. संजीव डांग
ईएनटी सर्जन
अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली

वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका

सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारणः** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।



**संक्रमण के लक्षणः** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीकेः** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचावः** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### 95 पशुओं को आजाद कराया, दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने टोहाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे 95 पशुओं को आजाद करवाया है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना शहर टोहाना के एसआई राजमल यह जानकारी दी।

### 3 जनवरी तक वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाएं

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य में रहने वाले सभी सिखों के लिए गुरूद्वारा निर्वाचन, हरियाणा आयुक्त कार्यालय द्वारा हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा गत 18 दिसंबर को प्रकाशित किया गया है। मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति संबंधित उपायुक्तों की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ संबंधित उपायुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार व सिख गुरूद्वारों में भी उपलब्ध है।

### 22 व 23 दिसंबर को होगा गीता महोत्सव

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन के सौजन्य से 22 व 23 दिसंबर तक पंचायत भवन प्रांगण में जिला स्तरीय गीता महोत्सव, 2023 का आयोजन किया जा रहा है। 22 दिसंबर को गीता महोत्सव के मुख्यातिथि हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला होंगे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर सवा दो लाख ठगे

**सिरसा।** विदेश में नौकरी का झांसा देकर भोले-भाले लोगों का ठगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। युवाओं को विदेश में नौकरी का सपना दिखाकर उन्हें भी ठगा जा रहा है। ऐसा ही मामला जिला के गांव रघुआना में सामने आया है। युवक से करीब सवा दो लाख रुपये की ठगी की गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रतिया के लोगों का राशन जा रहा भिवानी

**रतिया।** रतिया के वार्ड नंबर 14 में पिछले कुछ महीनों से वार्ड वासियों को डिपू धारक द्वारा पूरा राशन न देने पर लोगों में भारी रोष है। वार्ड वासियों ने आज एक मीटिंग कर पार्षद गुरप्रीत गोपी के नेतृत्व में तहसीलदार को एक ज्ञापन दिया और सभी राशन कार्ड धारकों को पूरा राशन दिए जाने की मांग की।

### राखी मक्कड़ बनी कष्ट निवारण समिति सदस्य

**फतेहाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ को प्रदेश सरकार द्वारा एक ओर अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है। राखी मक्कड़ को प्रदेश सरकार द्वारा जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इसको लेकर सरकार द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। राखी मक्कड़ को मिली इस अहम जिम्मेवारी पर जिलेभर की महिला कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

### हमला कर स्कूटी छीनने के आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने भारत नगर से स्कूटी छीनने के मामले में इसी क्षेत्र के शुभम उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई जगदीश सिंह ने बताया कि जोमोटो में काम करने वाले आजाद नगर निवासी संदीप सिंह ने भारत नगर हिसार से एक व्यक्ति द्वारा तलवार के बल पर उसकी स्कूटी छीनने के बारे में शिकायत दी थी।

### सोलर मोटर चोरी के मामले में एक काबू

**हिसार।** सदर पुलिस ने गांव बीड बबराण के खेत से सोलर मोनो ब्लॉक मोटर चोरी के मामले में तलवंडी राणा निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस संबंध में बीड बबराण निवासी जसवंत ने उसके खेत से सोलर मोनो ब्लॉक मोटर चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

---

### नहीं बिके माल व सब्जियां, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

# मार्केट फीस में बढ़ोत्तरी के खिलाफ धरने पर बैठे आढ़ती

सब्जी मंडी में किसान न तो सब्जियां लेकर आए और न ही व्यापारियों ने खरीदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सब्जी व्यापारियों को एडवांस मार्केट फीस भरने के भेजे गए नोटिस और फीस में बढ़ोतरी के खिलाफ बुधवार को जिलेभर की सब्जियां मंडियों बंद रही। सब्जी व्यापारियों की हड़ताल के कारण सब्जी मण्डी में सब्जी उत्पादक किसान न तो सब्जियां लेकर आए और न ही व्यापारियों ने सब्जी की खरीद की। व्यापारियों ने मण्डियों के बाहर धरना देते हुए जमकर नारेबाजी की। फतेहाबाद में हिसार रोड स्थित सब्जी मण्डी में व्यापारी सुबह ही मण्डी के गेट पर धरना देकर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। फतेहाबाद सब्जी मण्डी के प्रधान भूप सिंह ने बताया कि सरकार ने 2021 व 2022 में भी मार्किट फीस लेने का फैसला लिया था लेकिन व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस ले लिया था। मार्केटिंग बोर्ड को चलाने के लिए साल में 15 करोड़ रुपये की जरूरत होने की बात कही गई थी। तब तय हुआ था कि 11 हजारए 21 हजार व 51 हजार के तीन स्लैब बनाकर लाइसेंस फीस वसूली जाएगी। गांव व देहात के आढ़ती से 11 हजार, जिले की मंडियों में काम कर रहे व्यापारियों से 21 हजार व शहरों की मंडियों के व्यापारी से 51 हजार रुपये फीस लेने का फैसला हुआ था। इससे सरकार को सालाना 17 करोड़ रुपये का रेवेन्यु मिलता था लेकिन अब तीन लाख की फीस देने वाले व्यापारियों की फीस 50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.50 लाख रुपये कर दिए गए हैं जोकि सरासर अन्याय है। इसी तरह साल में 2 लाख की लाइसेंस फीस देने वालों की फीस बढ़ाकर 3.25 लाख कर दी गई है। सरकार ने सभी कैटेगरी में फीस 50 फीसदी बढ़ाकर 15 दिसम्बर से इसकी वसूली के निर्देश दिए गए हैं। सरकार द्वारा एक साल की लाइसेंस फीस एडवांस मांगी जा



फतेहाबाद। सब्जी मण्डी गेट पर धरना देते सब्जी व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*



टोहाना। नई सब्जी मण्डी के बाहर धरना देते व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### रतिया में सब्जी व्यापारियों ने दिया धरना

**रतिया।** प्रदेश सरकार द्वारा सब्जी मंडियों पर एक मुश्त टैक्स लगाने के खिलाफ बुधवार को रतिया में सब्जी व्यापारियों ने सब्जी मंडी में हड़ताल रखते हुए मुख्य गेट पर धरना दिया और मार्केट कमेटी सचिव को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपे। हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन के उपप्रधान नरेश कक्कड़, संजय बतरा, नरेंद्र मोंगा, मोजी सरदाना, अशोक नागपाल, हरिचंद शाक्य, अंशुल बत्रा आदि ने कहा कि सरकार बेवजह सब्जी एवं फल व्यापारियों को परेशान करने पर तुली हुई है। एक मुश्त टैक्स की स्कीम से व्यापारियों को बहुत नुक्सान उठाना पड़ेगा। सरकार का टैक्स स्लैब सिस्टम व्यापारियों के हित में नहीं है। सरकार ने सभी कैटेगरी में फीस 50 फीसदी बढ़ाकर 15 दिसम्बर से इसकी वसूली के निर्देश दिए गए हैं। सरकार द्वारा एक साल की लाइसैंस फीस एडवांस मांगी जा रही है जोकि सरासर गलत है। सब्जी मंडी व्यापारियों ने कहा कि अगर सरकार ने तानाशाही फैसले को वापस नहीं लिया तो सब्जी मंडी व्यापारी कड़ा रुख अपनाने पर मजबूर होंगे।

#### टोहाना में सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**टोहाना।** हरियाणा सरकार द्वारा सब्जी मंडियों पर एक मुश्त टैक्स लगाने के खिलाफ आज लामबंद हुए सब्जी मंडी व्यापारियों ने आज हड़ताल करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किय। सब्जी मंडी बंद होने के कारण जहां आम नागरिकों को परेशानी हुई वहीं किसानों व ट्रांसपोर्ट पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा। टोहाना में नई सब्जी मंडी के बाहर धरने पर बैठे राज कक्कड़, राजेन्द्र ठकराल, टोहाना प्रधान आशीष परुथी व लवली सपड़ा आदि व्यापारियों ने कहा कि सरकार हर बार मनमानी करके मंडी व्यापारियों को परेशान करती है। पहले ही मंडियों में मंदी की मार है। यह व्यापार बहुत ही उतार चढ़ाव वाला होता है। आए दिन व्यापारियों को फायदे के साथ-साथ बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ता है। सरकार ने एक मुश्त टैक्स की स्कीम के काले कानून को लेकर व्यापारियों का दमन करने का काम किया है। एक मुश्त टैक्स की स्कीम से व्यापारियो को नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नए स्लैब सिस्टम में बहुत सी त्रूटियां हैं, जिससे व्यापारी संतुष्ट नहीं है।



## जिलेभर में पूर्ण बंद रही सब्जी और फल मंडियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ जल्द सरकार ने नहीं लिया संज्ञान तो लगाया जाएगा तेज किया जाएगा आंदोलन: हीरालाल शर्मा

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के आह्वान पर सब्जी व फल कारोबारियों ने बुधवार को जिलाभर में मंडियां पूर्णतया बंद कर रोष का इजहार किया। सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान गंगाराम बजाज ने बताया कि सरकार पहले एक प्रतिशत मार्केट फीस और एक प्रतिशत एचआरडीएफ लेती थी जो हम माल बिकने के बाद सोमवार को अदायगी करते थे। कोविड के समय में सरकार ने हम पर टैक्स थोप दिया। कोविड में दुकानें खुलवाई जिसमें कई आढ़तियों की मौत भी हुई, इसके बावजूद टैक्स निर्णय वापिस नहीं लिया। इसके उपरांत कृषि मंत्री जेपी दलाल का ट्वीट आया कि मार्केट फीस में राहत दी गई तो हमने मिठाई बांटी।

#### मार्केट फीस हटाने की मांग की

अब एक मुश्त मार्केट फीस थोप दी गई है, जिसके लागू होने के बाद हमारे इस कार्य का कोई बेनिफिट ही नहीं रहेगा। अभी सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया गया। इस ऐलान के बाद सीएम ओएसडी से भेंट हुई तो कहा गया कि रविवार को मुख्यमंत्री तक मुलाकात होगी। अगर समाधान न हुआ, तो हरियाणा एसोसिएशन जो सख्त निर्णय लेगी सिरसा एसोसिएशन साथ होगी। उधर, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव हीरा लाल शर्मा ने कहा कि सब्जी व फलों पर मार्केट फीस लगाने से हरियाणा में इंस्पेक्ट्रीराज को बढ़ावा मिलेगा और भ्रष्ट अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी भी आढ़तियों को नाजायज तंग करेंगे। यहां तक की सरकार को जितनी मार्केट फीस प्राप्त होती है, उससे ज्यादा मार्केट फीस वसूल करने में सरकारी खर्च हो जाएगा। शर्मा ने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एच आर डी एफ तुरंत प्रभाव से हटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू करते हुए घोषणा की थी कि देश में जीएसटी के तहत सिर्फ एक टैक्स रहेगा, मगर केंद्र सरकार ने जीएसटी के तहत 6 प्रकार के टैक्स लगा दिये और जो मार्केट फीस समाप्त करनी थी, वह अभी तक नहीं की है। प्रधानमंत्री को अपने वादे के अनुसार सब्जी, फल व अनाज पर से मार्केट फीस समाप्त करनी चाहिए। इस अवसर पर अशोक नरूला, व्यापार मंडल के युवा प्रधान संदीप मिड्ढा, प्रकाश कोचर, अजीत सिंह, प्रवीन कुमार बगा, रामलाल मोंगा, मोनू डूमड़ा आदि मौजूद रहे।

---

## प्रशासनिक त्रुटि से मतदान प्रक्रिया से वंचित हुए युवा

■ आधार कार्ड वाले को नहीं मिला मतदान करने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला ने कि कहा प्रशासनिक स्तर पर हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के होने वाले चुनावों के लिए जो फॉर्म प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाया गया है, उसमें प्रशासनिक त्रुटि के चलते कई ऐसे युवाओं को वोट बनाने की प्रक्रिया से वंचित कर दिया गया है जो अभी मतदाता की आयु में पहुंचे हैं और जिनके वोट कार्ड अभी तक नहीं बने हैं। प्रकाश सिंह साहुवाला ने कहा कि प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाए गए फार्म में 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु को पूरा करने वाले युवाओं को कमेटी के चुनावों के लिए अपना वोट बनवाने के लिए आधार कार्ड और वोटर कार्ड दोनों ही विकल्प के रूप में उपलब्ध करवाए जाने का प्रावधान किया है। ऐसे में जिन युवाओं ने हाल ही में 18 वर्ष की आयु को पूरा किया है, उनके वोटर कार्ड अभी तक बनाए ही नहीं गए, ऐसे में उन्होंने अपने आधार कार्ड जमा करवाए थे मगर प्रशासन ने केवल वोट कार्ड वालों के ही आवेदन स्वीकार किया।

### शहर की समस्याओं को लेकर पियुष नारंग ने नप प्रधान को सौंपा पत्र

**फतेहाबाद।** शहर के युवा समाजसेवी एवं नगरपरिषद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग के सुपुत्र पियुष नारंग ने नगरपरिषद की बैठक से पूर्व नप प्रधान राजेन्द्र खिच्ची को पत्र सौंपकर शहर की अनेक समस्याओं से अवगत करवाया है और इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर शहरवासियों की राहत पहुंचाने की मांग की है। पियुष नारंग ने नगरपरिषद प्रधान को भेजे पत्र में मांग की है कि सिरसा रोड पर सेतिया पैलेस से पाली होटल तक जो लाईटें लगवाई हैं, उन्हें जल्द चालू करवाया जाए। हिसार रोड पर हुडा सेक्टर से लेकर नए बस अड्डे तक डिवाइडर व लाइट की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को सुविधा मिले।

## जिले में जल्द बनेगा जिला पुस्तकालय का भवन

■ नागरिक अधिकार मंच का प्रयास हुए सफल, शहरवासियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद शहरवासियों को जल्द ही लाइब्रेरी का तोहफा मिलने जा रहा है। जिला पुस्तकालय भवन निर्माण की मांग को लेकर नागरिक अधिकार मंच के प्रयास सफल होते नजर आ रहे हैं। मंच की मांग पर जिला पुस्तकालय के लिए जमीन ट्रांसफर को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंच ने उम्मीद जताई है कि जमीन ट्रांसफर होने के बाद अब शिक्षा विभाग जल्द ही इस जगह पर लाइब्रेरी का निर्माण शुरू करवा देगा। बता दें कि जिला पुस्तकालय भवन निर्माण को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट, राजाराम बेनीवाल, कौशल, कुलदीप, स्नेह पानू, राज कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे, जिला प्रशासन से मिला और इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का समय दिलाने की मांग की। जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाई। नागरिक अधिकार मंच इस मुद्दे को लम्बे समय तक प्रशासन के सामने प्रमुखता से उठाता रहा है। मंच द्वारा इसे लेकर जिला से लेकर चण्डीगढ़ में उच्चाधिकारियों और मंत्रियों तक को इस मामले से अवगत करवाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिले के विभिन्न गांवों में तो पुस्तकालय भवन बने हुए हैं परंतु फतेहाबाद शहर में पुस्तकालय, का कोई भवन नहीं है। सरकार द्वारा जगजीवनपुरा पार्क और नए गुरूद्वारा साहिब के पास पुराने एग्रीकल्चर ऑफिस वाली जगह जिला पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु निर्धारित की गई है परंतु यह जमीन शिक्षा विभाग को ट्रांसफर नहीं हो पाई थी।



फतेहाबाद। जिला पुस्तकालय की मांग उठाने वाला नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का करें सहयोग

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने वीरवार को पंचायत भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत ग्रामीण के जिला समन्वयक सुखविंद्र सिंह भी मौजूद थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि वेद और पुराणों में भी सफाई को भगवान का मूर्त रूप माना जाता है। इसलिए सफाई रखने के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करने से निश्चित तौर पर समाजिक सरोकार में स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोग भागीदार बनेंगे एवं अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत सभी गांवों ने स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा व सराहनीय कार्य किया है।

## शिक्षकों ने उल्लास सर्वे ट्रेनिंग का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित उल्लास सर्वे ट्रेंनिंग का खंड भूना के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने पुरजोर विरोध किया। प्राथमिक शिक्षक, मास्टर वर्ग के शिक्षक, लेक्चर सभी शिक्षकों ने मिलकर इस ट्रेंनिंग और सर्वे का विरोध करते हुए बहिष्कार किया। प्राथमिक शिक्षक संघ भूना के प्रधान राकेश मदान, प्रदीप कुमार, मंदीप सिंह, कैलाश चंद्र, सतबीर सिंह, लेक्चरर मेहताब सिंह, सुमित्रा देवी, धर्मपाल सिंह, लेक्चर सतबीर सिंह, राजेश कुमार, सुनील कुमार पीटीआई, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, राकेश मदान, वीरेंद्र सिंह, रमेश कुमार, देव कुमार, चंद्रभान, दलीप भाकर, पवन चमारखेड़ा आदि शिक्षकों का कहना था कि विभाग के द्वारा आए दिन नए-नए ऐप डाउनलोड करवाए जा रहे हैं और उन पर कार्य करवाया जा रहा है। इससे विद्यालयों में शिक्षण कार्य अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों को शिक्षण कार्य को छोड़कर बीएलओ ड्यूटी, फैमिली आईडी सर्वे, उल्लास सर्वे, सेहत सर्वे इत्यादि में ड्यूटी लगाई जा रही है जिससे शिक्षकों का मुख्य कार्य जो कि बच्चों को विद्यालय में शिक्षा देना है, वे उसे नहीं कर पा रहे। इन सर्वे के लिए विभाग द्वारा दबाव बनाया जाता है जो कि अनुचित है और शिक्षा के अधिकार के भी विरुद्ध है। उन्हें विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने दिया जाए और आए दिन बेतुके सर्वे में शिक्षकों की ड्यूटी ना लगाई जाए। शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अतिरिक्त और कार्य न लिया जाए। सभी शिक्षकों ने उल्लास सर्वे और अन्य किसी सर्वे को करने का बहिष्कार किया। खंड शिक्षा अधिकारी भूना को ज्ञापन दिया।



भूना। उल्लास सर्वे ट्रेनिंग का विरोध कर शिक्षा अधिकारी भूना को ज्ञापन देते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## नशीली दवाइयों की खुली बिक्री पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने जिला सिरसा में एनडीपीएस एक्ट के तहत नशे के रुप में उपयोग की जाने वाली दवाइयों (प्रीगाबालिन, टपेंटाडोल, जोपिलोन साल्ट आधारित दवा) की खुली / अनियंत्रित बिक्री पर दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेशों के अनुसार इन दवाओं (जैसे प्रीगाबालिन, टपेंटाडोल, जोपिक्लोन साल्ट आधारित दवा) की गोली या इंजेक्शन के रूप में लोगों द्वारा नशे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। थोक एवं खुदरा दवा विक्रेता प्रीगाबालिन की 75 मिलीग्राम से अधिक मात्रा की औषधियों का क्रय विक्रय नहीं कर सकेंगे। थोक एवं खुदरा दवा विक्रेता दवाइयां (जो ए.डी.पी.एस. अधिनियम के तहत नशे के रूप में परिभाषित नहीं हैं, विशेषकर प्रीगाबालिन की 75 मि.ग्रा., टपेंटाडोल, जोपिक्लोन घटक आधारित दवाइयां) का बिना क्रय-विक्रय बिल के बिक्री नहीं करेंगे। वरिष्ठ जिला औषधि नियंत्रक, सिरसा, संबंधित उपमंडल अधिकारी (ना.) व पुलिस विभाग परस्पर समन्वय कर टीमें बनाकर मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या उल्लंघना पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## सफाई के नाम पर किया जा रहा भेदभाव: गुरलाल

■ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर गुरलाल सिंह का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर गुरलाल सिंह का धरना लगातार 17वें दिन जारी रहा। धरने को विजय सैनी, रामकुमार, कपिल सरावगी, कमल कांटीवाल, मोनिका गोदारा, प्रवीन सिंगला, राजेंद्र सिंह, विरेंद्र सैनी, सुरेंद्र दिलप्रीत सेखों, कुलदीप, प्रवीन शर्मा ने समर्थन दिया। इस मौके पर गुरलाल सिंह ने कहा कि शहर के आधे हिस्से को तो अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर चकाचक कर दिया गया है, जबकि आधे हिस्से को लावारिश छोड़ दिया गया है, जिसके कारण आधे शहर के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

गुरलाल सिंह ने कहा कि ये लोग सरकार को सभी प्रकार के टैक्स देते हैं, फिर इनके साथ पाकिस्तान जैसा सलूक क्यों। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए की लागत से शहर की सफाई के लिए आई वैक्यूम मशीन बंद पड़ी है, लेकिन कागजों में उसके चलाने के फर्जी बिल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौशाला-शिवपुरी रोड पर अव्यवस्थाओं की भरमार है।

### वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास में डिजिटल मेला आयोजित

## छात्रों ने वर्तमान समय की टेक्नोलॉजी का बनाया पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास में डिजिटल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक योगेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ वर्तमान समय की टेक्नोलॉजी को पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, रंगोली, मॉडल व अन्य कार्यक्रमों द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में जूनियर टेक क्लब (कक्षा वर्ग 6 से 8) में मॉडल मेकिंग में रवीना व नेहा प्रथम, जबकि अमित व सुनील द्वितीय स्थान पर रहे। रंगोली में मनीषा व कनिका पहले नंबर पर, जबकि रेखा व रितिक द्वितीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में उम्मीद व कार्तिक प्रथम, जबकि कशिश, अश्मी व गुंजन द्वितीय स्थान पर रहीं। स्लोगन राइटिंग में प्रियंका प्रथम स्थान पर और रेखा और रितिक द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में अंशु, प्रियंका प्रथम स्थान, जबकि प्रेरणा, धनवंती द्वितीय स्थान पर रही। टेक क्लब (वर्ग कक्षा 9 से 12) में मॉडल मेकिंग में अमन, दुनीराम व कुलदीप का मॉडल प्रथम रहा जबकि मोहित और कार्तिक का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। रंगोली में सुमन व पूजा प्रथम स्थान पर रही।



सिरसा। ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक व अन्य।

### सीडीएलयू के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ब्रोशर 2022-23 का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक द्वारा किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल भी मौजूद थे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो आरती गौड़ ने कुलपति को बताया कि एमबीए के विद्यार्थियों के समर ट्रेनिंग और अंतिम चयन के लिए ब्रोशर की बहुत उपयोगिता है ताकि कंपनिया अपनी जरूरत के हिसाब से सीधा विद्यार्थियों से संपर्क कर सके। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति अजमेर सिंह मलिक का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बहुत तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विमोचन के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार, प्रबंधन विभाग की प्रो. डॉ. सुनीता सुखीजा समिश खुंगर, प्रवीण, विपिन अरोड़ा और अंकुर सांगवान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 तक करें आवेदन

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को 40 से 50 प्रतिशत तक कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा 29 तरह के कृषि यंत्र जैसे बैटरी / इलेक्ट्रिक / सौर संचालित पावर वीडर, सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूल बार, स्व-चालित उच्च क्लीयरेंस बूम स्प्रेयर, लोडर / भूसा कटर के साथ उच्च क्षमता वाला चारा काटने वाला यंत्र, ट्रैक्टर चालित सिलेज पैकिंग मशीन व अन्य उपकरण शामिल है।

### चौटाला ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं और मिशन 2024 को पूरा करें। अजय चौटाला बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में नई जिम्मेदारी संभालने वाले तथा कार्यकर्ताओं को निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में करीब 90 दिन शेष हैं इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनावी मोड में रहें और पूरी मेहनत से नए लोगों को पार्टी से जोड़ें।

### भूथनखुर्द में खाल तोड़ने के आरोप में केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव भूथनखुर्द में विभाग द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में दो बार बनाए गए खाल को फिर से तोड़ने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने अधिकारी की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में जल सेवाएं उपमंडल फतेहाबाद के उपमंडल अधिकारी धांगड़ राजेश ने कहा है कि फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी के आउटलेट आरडी 134000एल के चक में गिराए गए नाले को अधीक्षण नहर अधिकारी, भाखड़ा जल सेवाएं परिमंडल फतेहाबाद के फैसले अनुसार 28 जून को उन्होंने पुलिस सहायता से ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की उपस्थित में खुदवा दिया था।

### चाचा-भतीजे ने दिया जन आक्रोश रैली का न्यौता



**सिरसा।** 24 दिसम्बर को शहर के हुडा ग्राऊंड में होने जा रही किसान-मजदूर आक्रोश रैली में उमड़ने वाले जनसैलाब को देखकर विपक्षियों के होश उड़ जाएंगे। यह बात कांग्रेस नेता राजेश शर्मा व मोहित शर्मा ने डिंग मंडी में रैली का न्यौता देते हुए कही। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों से रैली में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस रैली के जरिए जनता गठबंधन सरकार के प्रति अपने रोष का इजहार करेगी। राजेश शर्मा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते हर कोई हैरान व परेशान है। सरकारी दफ्तरों में कई मर्तबा चक्कर काटने के बावजूद लोगों के काम नहीं हो रहे।

## गांव दौलतपुर व ढाणी छतरियां में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# जिप प्रधान ने स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों की सुनीं समस्याएं


पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में अपना विश्वास जता रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला के गांव दौलतपुर व ढाणी छतरियां में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद की प्रधान सुमन खिचड़ ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है।

### विकास को बल मिलेगा

यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अद्भुत रहा है और अब तो यह समय आ गया है कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में अपना विश्वास जता रहा है। यदि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शब्दावली पर ध्यान दें तो इससे प्रधानमंत्री का उद्देश्य पूरी तरह से स्पष्ट हो जाता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा घर-घर जाकर जनता को योजनाओं से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में हर शिकायत का पूर्ण समाधान करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से कोई भी निराश नहीं लौटता। इसलिए ग्रामीणों को इसका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। यह अनूठा कार्यक्रम है, जिसके लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है।



**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नागरिकों को सम्मानित करती जिप की प्रधान सुमन खिचड़।

### मील का पत्थर

इस दिशा में संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों, पशुपालकों, किसानों तथा विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान मोबाइल वैन की एलईडी पर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लघु फिल्मों के जरिए भी दर्शाया गया। इस अवसर पर जिप पार्षद रमेश गढ़वाल, सरपंच संजय वर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## मुंशीवाली व बहबलपुर में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. रतिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मुंशीवाली व बहबलपुर गांव में पहुंचने पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा व नागपुर मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह ने शिरकत कर प्रशासन द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया व मौके पर मौजूद सभी लोगों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई हैए जिसका उद्देश्य देश को विकसित राष्ट्र बनाना है और आर्थिक तौर पर मजबूत करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा.जन संवाद के तहत जिला के गांवों में हर दिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान गांव मुंशीवाली विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्त्रम में पंचायत समिति चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रगतिशील किसानों, छात्रों व सव्य सहायता समूह में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और मौके पर ही लोगों के राशन कार्ड व बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन प्रधान अरविंद सिहाग, यात्रा विधानसभा संयोजक शिवदयाल गढ़वाल, शिव जोधा, चेयरमैन प्रतिनिधि गुरतेज सिंह, एसडीओ अंचल जैन सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**सिरसा।** टाउन पार्क में धरनारत किसान एसडीएम को ज्ञापन सौंपते।

# चैनल के निर्माण को किसानों ने दिया धरना

- एसडीएम राजेंद्र कुमार को सौंपा ज्ञापन, 10 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

धिंगतानियां व भंभूर सलारपुर खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति ने बुधवार को टाऊन पार्क में धरना दिया। प्रशासन की ओर से पहले नायब तहसीलदार को संघर्ष समिति के पास भेजा गया, लेकिन संघर्ष समिति ने उन्हें ज्ञापन नहीं सौंपा। बाद में एसडीएम राजेंद्र कुमार धरनारत किसानों के बीच पहुंचे और उनकी मांग के संबंध में जानकारी हासिल की। टाऊन पार्क में गांव खाजाखेड़ा, रंगड़ीखेड़ा, टीटू खेड़ा, रामनगरिया, धिंगतानियां, मोडिया खेड़ा, नानकपुर, नटार, ढाणी जस्साराम, चौबुर्जा व भंभूर के ग्रामीण अपने-अपने गांव का बैनर लेकर पहुंचे। वहीं, कांग्रेसी नेता नवीन केडिया व युवा नेता गोकुल सेतिया भी किसानों के बीच पहुंचे। किसानों ने उपमंडलाधीश से कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धिंगतानियां फर्स्ट और सेकंड खरीफ चैनल का निर्माण कराने की घोषणा की थी। इसके बाद खरीफ चैनल के निर्माण के लिए 16 सितंबर 2019 को बजट जारी भी जारी कर दी गई, लेकिन अभी तक धिंगतानियां खरीफ चैनल का निर्माण शुरू नहीं हुआ। किसानों ने उपमंडलाधीश को बताया कि खरीफ चैनल का निर्माण होने से उनकी बंजर जमीन को संजीवनी मिल जाएगी। 17 गांवों के हजारों किसानों को इससे लाभ होगा। इन गांवों में भूजल 500 फीट पर चल गया है। इसलिए फसलों की सिंचाई के लिए खरीफ चैनल का निर्माण जरूरी है। किसानों ने कहा कि वे केवल घग्घर का पानी मांग रहे हैं। हर साल घग्घर का हजारों क्यूसेक पानी पाकिस्तान में जाता है। इससे बेहतर है कि घग्घर के इस पानी का इस्तेमाल सिरसा के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए हो। इसके बाद किसान संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम उपमंडलाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान संघर्ष समिति ने सरकार को एक जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। समिति का कहना है कि अगर एक जनवरी तक खरीफ चैनल निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो सिरसा के किसान बड़ा आंदोलन करेंगे।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औढ़ां में नशामुक्ति सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औढ़ां में नशामुक्ति सैमीनार एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यालय के विद्यार्थियों को नशामुक्ति पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया कि कि वे स्वयं का मादक पदाथार्ं की चपेट में आने से बचाव का ध्यान रखें व इसके प्रति अपने घर-परिवार के बड़े सदस्यों को भी विस्तृत चर्चा करके उनका भी नशा छुड़वाने के लिए अपना पूर्ण योगदान दें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि विद्यार्थी राष्ट्र की धरोहर हैं, अतः उनको मादक पदाथार्ं से बचाव रखते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद जैसे विषयों पर ध्यान देना चाहिए जिससे उनका शारीरिक विकास हो सके व समाज में एक अच्छे नागरिक की भूमिका अदा कर सकें। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औढ़ां के प्रिंसीपल विक्रमजीत ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वह अन्य को जागरूक करें।



**सिरसा।** विद्यार्थियों को संबोधित करते लाल बहादुर बैनीवाल।

# कर्मियों के सस्पेंशन के विरोध में नारेबाजी

- ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मचारी एकजुटे

हरिभूमि न्यूज. ▸▸ सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने रा'य कार्यकारिणी के आह्वान पर 9 से लेकर 11 बजे तक सिरसा की सभी सब यूनिटों पर धरना प्रदर्शन किया गया और एसडीओ के माध्यम से मांग पत्र उत्तरी बिजली निगम के एमडी को भेजा गया। अविनाश चंद्र उप रा'य प्रधान ने बताया कि 12 दिसंबर 2023 को हमारे चार कर्मचारियों सी बी ओ ऑफिस में बिना किसी कारण उतरी बिजली निगम के एमडी ने सस्पेंड कर दिया है, इसके विरोध में हेड ऑफिस पंचकूला के कर्मचारी धरना प्रदर्शन 15 दिसंबर से कर रहे हैं। बिजली निगम के अधिकारी 11 केवी लाइनों का निजी करण करना चाहते हैं। कौड़ियों के भाव में कर्मचारियों द्वारा स्ट्रक्चर खड़े गए व जनता की खून पसीने की कमाई को बेचना चाहते हैं आम जनता पर कितना बुरा असर पड़ेगा जो किसानों को आज 25 पैसे यूनिट पर बिजली मिलती है और आम जनता को ढाई रुपए यूनिट बिजली मिलती है। प्राइवेट हाथों में सब कुछ चला गया तो यह अनुमान है कि लगभग दस से 12 रुपए यूनिट बिजली हो जाएगी। आम जनता की पहुंच से बाहर हो जाएगी आम लोगों का जीना दुर्भर हो जाएगा। निलंबित किए गए कर्मचारियों व निजीकरण पर रोक ना लगाई गई तो बड़े से बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। इस दौरान अशांति भंग होती है तो अधिकारियों की जिम्मेवारी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आई थी। कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए, समान काम समान वेतन लागू किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, कौशल निगम सरकार ने बनाया कच्चे कर्मचारियों को कोई फायदा होने वाला नहीं है, इसको भंग किया जाए, प्रत्येक कर्मचारी की सैलरी से 1500 रुपए काट लिए गए हैं, सैलरी भी टाइम पर नहीं मिलती।



**सिरसा।** मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

## जिला परिवहन अधिकारी ने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर किया जागरूक



फतेहाबाद। जिला में धुंध के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला परिवहन अधिकारी संजय बिश्नोई ने रतिया पुल, दौलतपुर रोड, हांसपुर रोड तथा नेशनल हाइवे आदि क्षेत्रों में ट्रेक्टर-ट्रालियों व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टैप लगाकर लोगों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालना करना चाहिए। नागरिक निर्धारित स्पीड में ही वाहन को चलाए। नागरिक दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई भी गाड़ी न चलाने दें। इस मौके पर उनके साथ ट्रेफिक पुलिस तथा जिला परिवहन का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

# शिविर में 450 मरीजों की जांच

- चिलकनी ढाबा में मीनू बैनीवाल द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव चिलकनी ढाबा में बुधवार को समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस विशेष शिविर में पंजाब से पहुंची चिकित्सकों की टीम ने 450 लोगों की आंखों की जांच की। इनको जरूरत के अनुसार दवाइयां व 200 लोगों चश्मे वितरित किए गए। इसी के साथ 45 लोगों का आंखों के ओपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान मीनू बैनीवाल ने कहा कि ऐलनाबाद हलका के गांवों में नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों घर पर आंखें जांच करवाने के लिए सुविधा मिल सके। इससे खासकर बुजुर्ग व्यक्तियों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऐलनाबाद हलका के सभी गांवों में नेत्रजांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर अवसर पर ऐलनाबाद पंचायत समिति के चेयरमैन हेमराज, ब्लाक समिति सदस्य कालूराम, राकेश सिहाग, बलराम कासनियां, सुभाष बैनीवाल, पूर्व सरपंच प्रताप सिंह, दलीप नंबरदार, शशिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** शिविर में मरीजों की आंखें चेक करते चिकित्सक।

# नक्शा न होने के कारण नहीं हो पाई निशानदेही

- लोगों की मांग के अनुसार बुधवार को होनी थी निशानदेही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

जाखल गांव से लेकर रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सडक पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभी प्रशासन को और प्रतिक्षा करनी पड़ेगी। लोक निर्माण विभाग करीब दो माह पहले वर्ष 2019 के पुराने नक्शे के आधार पर हुई निशान देही के तहत अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। गौरतलब है कि करीब दो माह पहले लोक निर्माण विभाग यहां जेसीबी मशीन लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। उस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा अपील करते हुए प्रशासन से कब्जा हटाने के लिए दीपावली तक का समय मांगा गया था। लोगों के आह्वान पर प्रशासन ने उस वक्त अपनी कब्जा हटाने की कार्यवाही अधर में छोड़कर कब्जाधारकों को दीपावली तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया था। उसके बाद अब अतिक्रमणकारियों ने प्रशासन को पुरानी निशानदेही में खामियां बताते हुए नए सिरे से निशानदेही कराने की मांग की है।

### नए नक्शे के आधार पर होगी निशानदेही

सरकारी जगह पर अवैध कब्जे हटाने के लिए व लोगों की मांग पर प्रशासन द्वारा बुधवार को दोबारा निशानदेही की जानी थी लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा निशानदेही करने का कार्य सिरे नहीं चढ़ सका है। दरअसल लोक निर्माण विभाग के रिकॉर्ड में वर्ष 2019 के पुराने नक्शे के आधार की निशानदेही है। इसमें पुराने पटवार भवन से रेलवे स्टेशन तक का नक्शा है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग अब नए नक्शे के आधार पर जाखल गांव से शुरू होने वाले मार्ग से शुरू कर इसकी निशानदेही करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इसे लेकर बाकी बची जगह का डाटा फीड करने में जुट गए है ताकि सही तरीके से इसकी निशानदेही की जा सके। निशानदेही का काम पूरा होने के बाद रिकॉर्ड के साथ मिलान किया जाएगा और उसके बाद अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही शुरू होगी।

### क्या कहते है अधिकारी

लोक निर्माण विभाग अब नए नक्शे के आधार पर जाखल गांव से लेकर रेलवे स्टेशन तक निशानदेही कराएगा। जिसे लेकर डाटा फीड किया जा रहा है। जल्द ही डाटा फीड कर इसकी निशानदेही करवाकर सडक से अवैध कब्जों को हटा दिया जाएगा।

*-विजय शर्मा, एसडीओ लोक निर्माण*

## 'हरिभूमि' समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद जागा प्रशासन

# जाखल रेलवे स्टेशन के शौचालय चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

उत्तर भारत के सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में शुमार जाखल रेलवे स्टेशन पर बने सार्वजनिक शौचालयों की आखिरकार रेलवे विभाग द्वारा सुध ले ली गई है। यहां शौचालय में फैली गंदगी एवं आसपास को रेलवे द्वारा पुख्ता रूप से साफ करवा दिया है। ऐसे में यहां शौचालय अब चकाचक नजर आ रहे है। वहीं शौचालयों में पानी की व्यवस्था को भी दुरुस्त कर दिया गया है। जाखल रेलवे स्टेशन पर स्थित तीन प्लेटफामोंर् पर रेलवे द्वारा पुरुष व महिलाओं के लिए शौचालय बनाएं गए हैं। साफ-सफाई के अभाव में शौचालय में गंदगी की भरमार के साथ ही इनमें से दुगंर्ध आनी शुरू हो चुकी थी। आलम ये था कि प्लेटफार्म-1 पर बने शौचालय में सुधार करने की बजाए जिम्मेदारों द्वारा इनको ताले लगाकर लावारिस छोड़ दिया था। ऐसे में तीनों प्लेटफार्म पर शौचालय का प्रयोग पिछले काफी समय से लोगों ने बंद ही कर दिया था। स्थानीय लोगों के अवगत कराने के बावजूद भी विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा था। बता दे की जाखल जंक्शन होने के चलते यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन रहता है। शौचालय की अव्यवस्था से यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय रेलवे प्रशासन सफाई कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए अपनी इतिश्री कर लेता था। ऐसे में महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर शौचालयों की बदहाल स्थिति रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा रही थी।



**जाखल।** सफाई व्यवस्था दुरस्त होने पर साफ पड़े शौचालय।

### काफी समय से बंद पड़े शौचालयों का उपयोग शुरू

लोगों की इस समस्या को लेकर 'हरिभूमि' समाचार पत्र में 18 दिसंबर को समाचार प्रकाशित कर रेलवे प्रशासन को चेताया गया था। समाचार प्रकाशित होने के तत्काल बाद रेलवे विभाग हरकत में आया और दो दिन में ही सफाई कर्मचारियों से यहां सभी शौचालयों व आसपास स्थानों की सफाई करवा दी गई है। समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का प्रभाव यूं हुआ कि पिछले काफी समय से अनदेखी का शिकार होने से गंदगी की भेंट चढ़े शौचालय चकाचक हो गए हैं और प्लेटफार्म-1 पर, जिन शौचालय को प्रशासन ने ताले लगाकर लावारिस छोड़ दिया था, अब इसकी सुध लेते हुए शौचालय के तालों को खुलवाकर पुख्ता सफाई करा कर इनका उपयोग शुरू करा दिया है।

### ये बोले अधिकारी

जाखल रेलवे स्टेशन पर सफाई के लिए 9 कर्मचारियों की आवश्यकता है, जिसमें से एक ही सफाई कर्मचारी है। 2 सफाई कर्मचारियों को हमने ठेका प्रथा पर रखा हुआ है। सफाई कर्मचारियों के कारण यहां सफाई व्यवस्था पुख्ता रखने में दिक्कत आ रही है। इसके लिए कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवा चुके है, लेकिन अभी सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई है। समाचार पत्र में खबर देख शौचालय बदहाली की जानकारी हुई तो हमने अपने स्तर पर सभी शौचालय की पुख्ता सफाई व्यवस्था करवा दी है।

*-चांद राम दहिया, रेलवे स्टेशन अधीक्षक जाखल*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005